# 2019

# HISTORY

**Time – 3 Hours 15 Minutes**

*(First 15 minutes for reading the question paper only)*

**Full Marks – 90** For Regular Candidates

**Full Marks – 100** For External Candidates

*Special credit will be given for answers which are brief and to the point. Marks will be deducted for spelling mistakes, untidiness and bad handwriting.*

| |
|---|
| केवल वर्ष 2019 में प्रथमबार परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के लिए एवं 2017 और 2018 में प्रथमबार असफल (कन्टीनुइंग, कम्पार्टमेण्टल, वाह्य कम्पार्टमेण्टल एवं ई.डब्ल्यू.) परीक्षार्थियों के लिए। |

**(नया पाठ्यक्रम)**

[विभाग **'क'** से विभाग 'ङ' तक दिये गये प्रश्न **नियमित** एवं **बाह्य** सभी परीक्षार्थियों के लिए हैं। विभाग **'च'** में दिये गये प्रश्न केवल बाह्य परीक्षार्थियों के लिए]

(विभाग **'क'** के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। अन्य विभागों में विकल्प प्रश्नों पर ध्यान दें। विभाग **'ख'** में केवल मात्र दृष्टिहीन परीक्षार्थी विकल्प प्रश्न का उत्तर निर्देशानुसार लिखेंगे। शेष सभी परीक्षार्थी मानचित्र चिह्नित करेंगे।)



http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com



## विभाग 'क'

1. सही उत्तर चुनिए : 20×1=20

1.1 मोहनबगान क्लब आई.एफ.ए. शील्ड किस वर्ष जीता था —
(क) 1890 ई. में (ख) 1905 ई. में
(ग) 1911 ई. में (घ) 1917 ई. में

1.2 दादा साहब फाल्के युक्त थे —
(क) फिल्म
(ख) खेल
(ग) स्थानीय इतिहास चर्चा
(घ) पर्यावरण इतिहास चर्चा

1.3 'ग्रामवार्ता प्रकाशिका' प्रकाशित होती थी —
(क) जेसर से (ख) रानाघाट से
(ग) कुष्ठिया से (घ) बारासात से

1.4 कलकत्ता विश्वविद्यालय की प्रथम बी.ए. परीक्षा हुई थी —
(क) 1857 ई. में (ख) 1858 ई. में
(ग) 1859 ई. में (घ) 1860 ई. में

1.5 कलकत्ता मेडिकल कालेज के प्रथम प्रिंसिपल थे —
(क) डा. एम. जे. ब्राम्ली
(ख) डा. एच. एच. गूडिव
(ग) डा. एन. वालिश
(घ) डा. जे. ग्रान्ट

1.6 तीतूमीर का वास्तविक नाम था —
(क) चिराग अली (ख) हैदर अली
(ग) मीर निसार अली (घ) तोराप अली



http://www.wbbseonline.com

1.7 संन्यासी-फकीर विद्रोह की मुख्य नेत्री थीं —
(क) रानी कर्णावती (ख) रानी शिरोमणि
(ग) देवी चौधरानी (घ) रानी दुर्गावती

1.8 "वन्देमातरम्" संगीत की रचना हुई थी —
(क) 1870 ई. में (ख) 1872 ई. में
(ग) 1875 ई. में (घ) 1876 ई. में

1.9 'वर्तमान भारत' ग्रन्थ की रचना किये थे —
(क) अक्षय कुमार दत्त (ख) राजनारायण वसु
(ग) स्वामी विवेकानन्द (घ) रमेशचन्द्र मजुमदार

1.10 गगनेन्द्रनाथ ठाकुर थे —
(क) संगीतकार (ख) नाटककार
(ग) कवि (घ) व्यंगचित्रकार

1.11 'वर्णपरिचय' प्रकाशित हुआ था —
(क) 1845 ई. में (ख) 1850 ई. में
(ग) 1855 ई. में (घ) 1860 ई. में

1.12 बंगाल टेक्निकल इंस्टीच्यूट की स्थापना हुई थी —
(क) 1905 ई. में (ख) 1906 ई. में
(ग) 1911 ई. में (घ) 1912 ई. में

1.13 सर्वभारतीय किसान सभा के प्रथम अध्यक्ष थे —
(क) एन. जी. रंगा (ख) स्वामी सहजानन्द
(ग) बाबा रामचन्द्र (घ) लाला लाजपत राय

1.14 कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी —
(क) कलकत्ता में (ख) दिल्ली में
(ग) बम्बई में (घ) मद्रास में


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com



1.15 'वर्कर और पीजेण्ट' (मजदूर और किसान) पार्टी संयुक्त थी —
(क) रौलाट सत्याग्रह से
(ख) असहयोग आन्दोलन से
(ग) बारदोली सत्याग्रह से
(घ) साइमन कमीशन विरोधी आन्दोलन से

1.16 बंगाल के गवर्नर स्टेनली जैक्सन की हत्या का प्रयास किये थे — http://www.wbbseonline.com
(क) बीना दास (ख) कल्पना दत्ता
(ग) प्रीतिलता वाद्देदार (घ) सुनीति चौधरी

1.17 एन्टी-सर्कुलर सोसाइटी के सम्पादक थे —
(क) सचीन्द्र प्रसाद बसु (ख) कृष्णकुमार मित्रा
(ग) चित्तरंजन दास (घ) आनन्दमोहन बसु

1.18 वाइकम (Vykom) सत्याग्रह हुआ था —
(क) मालावार में (ख) मद्रास में
(ग) महाराष्ट्र में (घ) गोदावरी घाटी में

1.19 जो देशीय राज्य जनता के मतदान के माध्यम से भारत संघ में युक्त हुआ था वह है —
(क) काश्मीर (ख) हैदराबाद
(ग) जूनागढ़ (घ) जयपुर

1.20 भाषा आधारित गुजरात राज्य की स्थापना हुई थी —
(क) 1953 ई. में (ख) 1956 ई. में
(ग) 1960 ई. में (घ) 1965 ई. में


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com


## विभाग 'ख'

2. किन्हीं **सोलह** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उपविभाग से कम से कम **एक** प्रश्न का उत्तर देना होगा) : 16×1=16

### उपविभाग : 2.1

**एक** वाक्य में उत्तर दीजिए :

(2.1.1) 'गोरा' उपन्यास के लेखक कौन थे ?

(2.1.2) बाँग्ला भाषा में प्रकाशित प्रथम चित्रित ग्रंथ का नाम लिखिए।

(2.1.3) श्रीरामपुर मिशन प्रेस की स्थापना किस वर्ष में हुई थी ?

(2.1.4) ऊषा महतो किस आन्दोलन से जुड़ी थीं ?

### उपविभाग : 2.2

**सत्य** अथवा **असत्य** निर्णय कीजिए :

(2.2.1) 'सोमप्रकाश' पत्रिका के सम्पादक द्वारकानाथ विद्याभूषण थे।

(2.2.2) कलकत्ता विश्वविद्यालय की प्रथम एम.ए. महिला कादम्बिनी वसु (गांगुली) थीं।

(2.2.3) बंगाल में सशस्त्र क्रान्तिकारी आन्दोलन की मुख्यनेत्री बासन्ती देवी थीं।

(2.2.4) दीपाली संघ की संस्थापक कल्पना दत्ता थीं।

### उपविभाग : 2.3

**'क' स्तम्भ** के साथ **'ख' स्तम्भ** को मिलाइये :

| | 'क' स्तम्भ | | 'ख' स्तम्भ |
|---|---|---|---|
| (2.3.1) | बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय | (1) | हिन्दु बालिका विद्यालय |
| (2.3.2) | नवगोपाल मित्र | (2) | कृषक आन्दोलन |
| (2.3.3) | बीरेन्द्रनाथ ससमल | (3) | हिन्दू मेला |
| (2.3.4) | ड्रिंकवाटर वेथून | (4) | बंगदर्शन |


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com


### उपविभाग : 2.4

दिये गये भारतवर्ष के रेखा मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को चिह्नित एवं नामांकित कीजिए :

(2.4.1) संथाल विद्रोह (1855) क्षेत्र।

(2.4.2) बारासात विद्रोह क्षेत्र।

(2.4.3) नील विद्रोह का प्रमुख केन्द्र : जेसर।

(2.4.4) हैदराबाद राज्य।

**अथवा**

**(केवलमात्र दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए)**

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(2.4.1) सरलादेवी चौधरानी की आत्मकथा ग्रंथ का नाम ________ ।

(2.4.2) कलकत्ता मेडिकल कालेज की स्थापना ________ ई. में हुई थी।

(2.4.3) सूई मुण्डा ________ विद्रोह के प्रमुख नेता थे।

(2.4.4) भारत सभा की स्थापना ________ ई. में हुई थी।

### उपविभाग : 2.5

निम्नलिखित कथनों के साथ सही वाक्य का चयन कीजिए :

(2.5.1) कथन : राममोहन राय लार्ड अमहर्स्ट को पत्र लिखे थे (1823 ई.)।

व्याख्या 1 : सती प्रथा को बन्द करने के लिए अनुरोध।

व्याख्या 2 : भारत में पाश्चात्य शिक्षा विस्तार के लिए अनुरोध।

व्याख्या 3 : भारत में संस्कृत शिक्षा विस्तार के लिए अनुरोध।


http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com


(2.5.2) कथन : स्वामी विवेकानन्द 'वर्तमान भारत' ग्रन्थ की रचना किये ।

व्याख्या 1 : उनका उद्देश्य आधुनिक भारत का इतिहास लिखना था ।

व्याख्या 2 : उनका उद्देश्य नव हिन्दूधर्म का प्रचार करना था ।

व्याख्या 3 : उनका उद्देश्य देशभक्ति का प्रसार करना था ।

(2.5.3) कथन : बंगभंग विरोधी आन्दोलन में श्रमिक-कृषकों के लिए कोई कर्मसूची नहीं थी ।

व्याख्या 1 : श्रमिक-कृषक इस आन्दोलन के विरोधी थे ।

व्याख्या 2 : ब्रिटिश सरकार श्रमिक-किसान आन्दोलन पर प्रतिबन्ध लगा दी थी ।

व्याख्या 3 : बंगभंग विरोधी आन्दोलन मूल रूपसे मध्यवर्ग का आन्दोलन था ।

(2.5.4) कथन : गाँधीजी जमींदारों के विरुद्ध कृषक आन्दोलन का समर्थन नहीं किये ।

व्याख्या 1 : गाँधीजी जमींदार वर्ग के प्रतिनिधि थे ।

व्याख्या 2 : गाँधीजी हिंसक आन्दोलन के विरोधी थे ।

व्याख्या 3 : गाँधीजी वर्ग संघर्ष की अपेक्षा वर्ग एकता में विश्वास करते थे ।


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com


## विभाग 'ग'

3. निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्यों में दीजिए (कोई ग्यारह) : 11×2=22

3.1 स्थानीय इतिहास के अध्ययन का क्या महत्व है ?

3.2 'सरकारी अभिलेख' से क्या समझते हैं ?

3.3 समाचार पत्र एवं पत्रिका में क्या अन्तर है ?

3.4 मधुसूदन गुप्त कौन थे ?

3.5 संन्यासी-फकीर विद्रोह असफल क्यों हो गया ?

3.6 नीलविद्रोह में इसाई मिशनरियों की क्या भूमिका थी ?

3.7 जमींदार सभा एवं भारत सभा में दो अन्तर लिखिए ।

3.8 उन्नीसवीं शताब्दी में राष्ट्रीयता की भावना उत्पन्न करने के लिए 'भारतमाता' के चित्र की क्या भूमिका थी ?

3.9 चार्ल्स विल्किन्स कौन थे ?

3.10 बांग्ला लाइनोटाइप छपाई का क्या महत्व था ?

3.11 कृषक आन्दोलन में बाबा रामचन्द्र की भूमिका क्या थी ?

3.12 मदारी पासी कौन थे ?

3.13 मातंगिनी हाजरा का स्मरण क्यों किया जाता है ?

3.14 दलित किसे कहते हैं ?

3.15 डार कमीशन (1948) क्यों बनाया गया था ?

3.16 पत्ती श्रीरामालू कौन थे ?


http://www.wbbseonline.com

http://www.wbbseonline.com

## विभाग 'घ'

4. **सात** या **आठ** वाक्यों में किन्हीं **छः** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (प्रत्येक उपविभाग से कम से कम **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए) : 6×4=24

### उपविभाग : घ.1

4.1 'नीलदर्पण' नाटक से उन्नीसवीं शताब्दी में बॉग्ला समाज का चित्रण किस प्रकार मिलता है ?

4.2 उन्नीसवीं शताब्दी में नारी शिक्षा के विस्तार के लिए ड्रिंकवाटर बेथून किस प्रकार की भूमिका ग्रहण किये थे ?

### उपविभाग : घ.2

4.3 हिन्दू मेला की स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

4.4 'बंगभाषा प्रकाशिका सभा' को प्रथम राजनैतिक संस्थान कहा जाता है, क्यों ?

### उपविभाग : घ.3

4.5 छपी पुस्तकों एवं शिक्षा के विस्तार में सम्बन्ध का वर्णन कीजिए ।

4.6 बंगाल में विज्ञान चर्चा के विकास में डा. महेन्द्रलाल सरकार का क्या योगदान था ?

### उपविभाग : घ.4

4.7 भारत सरकार किस प्रकार देशीय रियासतों को भारत संघ में मिलाने के प्रश्न का समाधान की थी ?

4.8 काश्मीर समस्या किस प्रकार उत्पन्न हुयी ?



http://www.wbbseonline.com
http://www.wbbseonline.com



## विभाग 'ङ'

5. **पन्द्रह** या **सोलह** वाक्यों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर दीजिए : 1×8=8

5.1 विद्यासागर के नेतृत्व में विधवा विवाह आन्दोलन का संक्षिप्त विवरण दीजिए । विद्यासागर को कितनी सफलता मिली थी ? 5+3

5.2 बंगाल में तकनीकी शिक्षा के विकास का संक्षेप में वर्णन कीजिए । 8

5.3 बंगभंग विरोधी आन्दोलन में नारीसमाज ने किस प्रकार भाग लिया था ? उनके आन्दोलन की सीमावद्धता क्या थी ? 5+3

## (केवल मात्र बहिरागत परीक्षार्थियों के लिए)

## विभाग 'च'

6. 6.1 एक सम्पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए (कोई **चार**) : 4×1=4

6.1.1 'नीलदर्पण' नाटक के रचयिता कौन थे ?

6.1.2 हिन्दु कालेज की स्थापना किस ईस्वी में हुयी ?

6.1.3 'आनन्द मठ' की रचना किसने की ?

6.1.4 विश्वभारती की स्थापना किस वर्ष में हुयी ?

6.1.5 'मास्टर दा' के नाम से किसे जाना जाता था ?

6.1.6 आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष कौन थे ?

6.2 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में दीजिए (कोई **तीन**) : 3×2=6

6.2.1 डेविड हेयर को क्यों स्मरण किया जाता है ?

6.2.2 क्रांति का क्या अर्थ है ?

6.2.3 'रशीद अली दिवस' क्यों मनाया जाता था ?

6.2.4 'भारतभुक्ति दलील' (Instrument of Accession) का क्या तात्पर्य है ?



http://www.wbbseonline.com